अप्रैल, 2015 के दौरान कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग आफरी द्वारा संपन्न गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा

केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा बर्निहाट के प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारियों का आफरी भ्रमण

केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा (CASFOS), बर्निहाट, आसाम के 27 प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारियों (RFO)के एक दल ने अपने प्रभारी प्राचार्य एवं प्राध्यापक श्री एन. लुइखाम, भा.व.से. के नेतृत्व में दिनांक 13.4.2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण किया । संस्थान के निदेशक श्री एन.के. वासु,भा.व.से. ने अपने उदबोधन में सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षु अधिकारियों को संस्थान के शोध कार्यो की जानकारी प्रदान की । उन्होंने प्रश्नोत्तर के माध्यम से इन अधिकारियों की जिज्ञासाओं का भी निराकरण किया । प्रशिक्षु अधिकारियां ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध गतिविधियों की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल की । अकाष्ठ वनोपज प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष डॉ. रंजना आर्या ने शुष्क क्षेत्र की अकाष्ठ वन उपज एवं इनसे संबंधी शोध कार्यो की जानकारी दी । अनुसंधान अधिकारी श्री सरजलाल मीणा ने वानिकी वृक्षों के बीजों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में इस दल ने संस्थान में स्थित विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भी भ्रमण किया और वहाँ विभिन्न प्रकार के डिस्पले बोर्ड, पोस्टर आदि से प्रदर्शित संस्थान की शोध उपलब्धियों एवं तकनीकों तथा शुष्क क्षेत्र की वानस्पतिक प्रजातियों की जानकारी हासिल की । दल ने प्रायोगिक क्षेत्र का भ्रमण कर उत्तक संवर्धन (Tissue Culture) से विकसित एवं रोपित गूगल के पौधों का भी अवलोकन किया । कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने दल को भ्रमण कराते हुए विभिन्न शोध गतिविधियों की जानकारी दी तथा संबोधित भी किया । भ्रमण के दौरान शोधपरक एवं तकनीकी जानकारी देने में श्री रतनाराम लोहरा, अनुसंधान सहायक-प्रथम का भी सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भावना शर्मा, वैज्ञानिक-सी ने किया । दल ने संस्थान के वृक्ष उद्यान (arboratum) का भ्रमण कर वहाँ रोपित शुष्क क्षेत्र के वृक्षों एवं अन्य वनस्पति का भी अध्ययन किया, जिसमें श्री सादुलराम देवड़ा, अनुसंधान सहायक-द्वितीय ने प्रशिक्षु अधिकारियों को शुष्क क्षेत्र की वनस्पति की जानकारी उपलब्ध करायी । दल ने उच्च तकनीक पौधशाला का भी भ्रमण कर नर्सरी तकनीक की जानकारी हासिल की ।

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर राजस्थान से 21 प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षकों का आफरी भ्रमण

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर राजस्थान से 21 प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षकों के एक दल ने दिनांक 29.4.2015 को सहायक वन संरक्षक श्री रामलाल तांडी तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री नरपत सिंह एवं श्री पूनाराम, के साथ शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) का भ्रमण किया । कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने दल को संबोधित करते हुए संस्थान की शोध गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण (Presentation)

दिया । इस दल ने आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध कार्यो की तकनीक संबंधी जानकारी हासिल की । अकाष्ठ वनोपज प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष डॉ. रंजना आर्या ने शुष्क क्षेत्र की अकाष्ठ वन उपज तथा उनसे संबंधी शोध कार्यो की तकनीकी जानकारी प्रदान की । डॉ. संगीता सिंह, वैज्ञानिक-डी (वन संरक्षण प्रभाग) ने वृक्षों में लगने वाली विभिन्न बीमारियों से संबंधित शोध कार्यो की जानकारी दी । संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर इन अधिकारियों ने विभिन्न दृश्य माध्यमों से प्रदर्शित विभिन्न सूचनाओं से शुष्क क्षेत्र की वनस्पति एवं संस्थान की शोधपरक तकनीक की जानकारी ली । भ्रमण में श्री रतना राम लोहरा, अनुसंधान सहायक-प्रथम ने भी सहयोग दिया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भावना शर्मा, वैज्ञानिक-सी ने किया । उच्च तकनीक पौधशाला में पौधशाला की तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी गयी ।